विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक / अकादमिक / सम्बद्धता / 2019 / 859

दिनांक :– 11.04.019.

प्रति,

अध्यक्ष / सचिव,
एटीट्युट परफार्ममेंस सोशल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी,
(नवयुग महाविद्यालय),बड़नगर,जिला–उज्जैन।

विषय :– सत्र 2019–20 से महाविद्यालय का संचालन बंद करने के संबंध में।

संदर्भ :– महाविद्यालय का पत्र क्रमांक / नवयुग / 2018–19 / 608,दिनांक 08.03.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि, आपके द्वारा सत्र 2019–20 से बी.सी.ए. एवं बी.कॉम. (कम्प्यूटर ऐप्लिकेशन) पाठ्यक्रम का संचालन बंद करते हुए महाविद्यालय पूर्णतः बंद किये जाने का निवेदन किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में आपके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर संस्था का प्रकरण परिनियम क्रमांक 27(संशोधित) की धारा 10(7) में गठित संकायाध्यक्षों की समिति की बैठक दिनांक 27.03.2019 में प्रस्तुत किया गया जिसमें सत्र 2019–20 से महाविद्यालय को बंद किये जाने की अनुशंसा की गई तथा समिति की बैठक 05.04.2019 में महाविद्यालय में बी.सी.ए. एवं बी.कॉम.(कम्प्यूटर ऐप्लिकेशन) पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्रों को फ्यूचर विज़न कॉलेज,उज्जैन में प्रवेश देने की अनुशंसा की गई समिति के कार्यविवरण अनुशंसा को दिनांक 09.04.2019 को माननीय कुलपतिजी द्वारा सक्षम स्वीकृति प्रदान की गई।

साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि, सत्र 2019–20 में किसी भी छात्र को प्रवेश नही दिया जावे एवं यदि भविष्य में महाविद्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का पाठ्यक्रम पुनः प्रारंभ किया जाता है तो शासन की अनुमति एवं विश्वविद्यालय से नवीन सम्बद्धता प्राप्त करना होगी।

आदेशानुसार

कुलसचिव

क्रमांक / अकादमिक / सम्बद्धता / 2019 / 860

दिनांक :– 11.04.019.

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त,उच्च शिक्षा विभाग,म.प्र.शासन,भोपाल।
2. क्षेत्रिय अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा,उज्जैन संभाग,उज्जैन।
3. निदेशक, महाविद्यालयीन विकास परिषद,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
4. प्राचार्य,फ्यूचर विज़न कॉलेज,उज्जैन, को उनके पत्र क्रमांक / FVC/19/424, दिनांक 15.03.2019, के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्राचार्य,शासकीय कालीदास कन्या स्नातकोत्तर(अग्रणी) महाविद्यालय,उज्जैन।
6. उपकुलसचिव / सहायक कुलसचिव,परीक्षा / गोपनीय / लेखा विभाग,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
7. प्रभारी, ऑनलाईन सेल, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन की ओर सूचनार्थ है कि,उक्त महाविद्यालय को ऑनलाईन पोर्टल से विलोपित करने का कष्ट करें।
8. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर / वेबसाईट की ओर भेज कर निवेदन है कि,उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
9. कुलपति / कुलसचिव के निजी सहायक,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
   की ओर सूचनार्थ।

अनुभाग अधिकारी(अकादमिक)